**Q.P.-836**

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2025–26
## कक्षा–10
## कम्प्यूटर (941)

समयः तीन घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक–70

**नोट–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।**

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. इस प्रश्नपत्र के दो खण्ड, खण्ड अ तथा खण्ड ब है।
3. खण्ड अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न है, जिनके उत्तर ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर देने हैं।
4. खण्ड अ में प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ0एम0आर0 उत्तर पर ही उत्तर दें। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे न तो काटें न ही इरेजर अथवा वाइटनर का प्रयोग करें।
5. प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
6. खण्ड–ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न है।
7. खण्ड–ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।
8. प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अंतिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

## खण्ड–अ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न– **20x1=20** अंक

प्रश्न.1. ''C'' भाषा का विकास कब हुआ था? (1)

(A) 1970 (B) 1972 (C) 1965 (D) 1960

प्रश्न.2. किसी वैरिएबिल का नाम अधिकतम कितने कैरेक्टर का हो सकता है? (1)

(A) 4 (B) 8 (C) 5 (D) 2

प्रश्न.3. निम्न में से कौन–सा स्टेटमेन्ट कंट्रोल स्टेटमेन्ट का एक प्रकार है? (1)

(A) if.....else (B) switch( ) (C) continue (D) ये सभी

प्रश्न.4. n=strlen ("We are Indian") के लिए n का क्या मान होगा? (1)

(A) 13 (B) 3 (C) 11 (D) 12

प्रश्न.5. बाइनरी खोज से पूर्व इनमें से कौन–सी क्रिया अनिवार्य होती है– (1)

(A) क्रमिक सर्च (B) सॉर्टिंग (C) मर्जिंग (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न.6. फंक्शन है– (1)

(A) C प्रोग्राम का आत्मनिर्भर मॉड्यूल (B) C भाषा के स्टेटमेंट

(C) आइडेन्टिफायर (D) सम्पूर्ण प्रोग्राम

प्रश्न.7. किसी संरचना (Structure) डेटा प्रकार को दर्शाने के लिये उपयोग किये जाने वाले (keyword) है– (1)

(A) Structure (B) Struct (C) Stuc (D) Stuctr

प्रश्न.8. एक डेटा सूची में से किसी तत्व को खोजने की प्रकिया कहलाती है– (1)

(A) सर्चिंग (B) सॉर्टिंग (C) मर्जिंग (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न.9. निम्न में से किस फाइल में डाटा जिस क्रम में लिखा जाता है उसी में वह संग्रहीत हो जाता है– (1)

(A) डाटा फाइल (B) क्रमिक फाइल (C) रैन्डम फाइल (D) इनमे से कोई नहीं

प्रश्न.10. उस फंक्शन का चयन करें जिसका उपयोग किसी फाइल में स्ट्रिंग लिखने के लिए किया जाता है। (1)

(A) Puts ( ) (B) Putc( ) (C) fputs ( ) (D) fgets ( )

प्रश्न.11. फाइल डेटा का प्रकार क्या है? (1)

(A) केवल स्ट्रक्चर (B) केवल यूनियन

(C) केवल यूजर डिफाइन्ड डाटा टाइप (D) इनमे से कोई नहीं।

प्रश्न.12. इनमें से कौन–सा AI का एक घटक है? (1)

(A) सीखना (B) प्रशिक्षण (C) डिजाइनिंग (D) पहेली

प्रश्न.13. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिये प्रयोग की जाने वाली प्रोग्रामिंग भाषा नहीं है– (1)

(A) पर्ल (B) जावा (C) प्रोलॉग (D) एल आई एस पी

प्रश्न.14. प्रथम ड्रोन का आविष्कार कब हुआ? (1)

(A) 1849 (B) 1898 (C) 1915 (D) 1935

प्रश्न.15. UAV का पूरा नाम क्या है? (1)

(A) Unarmed Aircraft Vehicle (B) Unmanned Aerial Vehicle

(C) Unarmed Aeroplane Vehicle (D) Unmanned Aeroplane Vehicle

प्रश्न.16. साइबर सुरक्षा का एक घटक है– (1)

(A) इंटरनेट ऑफ थिंग्स (B) ए आई (C) डेटाबेस (D) हमले

प्रश्न.17. स्पूफिंग है– (1)

(A) कम्प्यूटर पर बनाना (B) एंटी वायरस सॉफ्टवेयर बदलना

(C) पॉप–अप विज्ञापन बदलना (D) वैध दिखने वाली वेबसाइट को बदलना

प्रश्न.18. कोई भी व्यक्ति ई–कॉमर्स के किस माध्यम से अपना लैपटॉप OLX पर बेचता है? (1)

(A) B2B (B) B2C (C) C2C (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न.19. ई–गवर्नेंस में 'ई' का अर्थ है– (1)

(A) इलेक्ट्रॉन (B) इलेक्ट्रिक (C) इलेक्ट्रानिक (D) इलेक्ट्रोलाइट

प्रश्न.20. e-Bay, Amazon.com किस सेगमेंट से सम्बन्धित है? (1)

(A) B2B (B) B2C (C) C2C (D) C2B

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए– **(लगभग 20–25 शब्द प्रत्येक)** **5x2=10** अंक

(क) हेडर फाइल क्या है? किन्ही दो हेडर फाइलों के नाम लिखिए? (2)

(ख) 'C' भाषा के प्रमुख डेटा टाइप कौन से हैं? उनके नाम लिखिए। (2)

(ग) 'C' भाषा में कितने लूपिंग स्टेटमेन्ट है? किन्ही दो के नाम लिखिए। (2)

(घ) पेलोड के आधार पर ड्रोन के कुल कितने प्रकार है? प्रत्येक का नाम लिखिए। (2)

(ड) Strcat ( ) और Strlen ( ) का प्रमुख कार्य क्या है? (2)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **(लगभग 40–50 शब्द प्रत्येक)** **4x3=12** अंक

(क) 'C' कैरेक्टर सेट क्या है? इसके अन्तर्गत कौन से कैरेक्टर शामिल होते हैं? (3)

(ख) "Call by Reference" क्या है? (3)

(ग) साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालिए। (3)

(घ) AI को परिभाषित करते हुए उनके जनक का नाम बताइए। (3)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **(लगभग 40– 50 शब्द प्रत्येक)** **4x3=12** अंक

(क) ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रमुख क्षेत्रों में अनुप्रयोग कीजिए? (3)

(ख) 'C' भाषा की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए? (3)

(ग) इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम के प्रमुख लाभ तथा सावधानियों का उल्लेख कीजिए। (3)

(घ) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रमुख लाभों व हानियों को समझाइए। (3)

4. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए– **(लगभग 50–60 शब्द प्रत्येक)** **2x4=8** अंक

(क) ई–कॉमर्स के इतिहास तथा उसके प्रमुख प्रकार का वर्णन कीजिए। (4)

(ख) फाइल क्या है? इसके प्रमुख प्रकारों को समझाइये। (4)

अथवा

फंक्शन क्या है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

5. **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (लगभग–150 शब्द प्रत्येक)**

सर्चिंग क्या है? ये कितने प्रकार की होती है? उदाहरण सहित बताइए। **(लगभग 150 शब्द प्रत्येक)** (8)

अथवा

ऐरे के प्रमुख प्रकार कौन से हैं? 1–डाइमेन्शनल ऐरे को घोषित या परिभाषित करने के तरीकों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।